भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1466
दिनांक 15 **दिसंबर**, 2022

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शन

†1466.**श्री विनायक भाऊराव राऊत**:
श्रीमती कलाबेन मोहनभाई देलकर:
श्री ओमप्रकाश भूपालसिंह उर्फ़ पवन राजेनिंबालकर:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के अंतर्गत राज्य-वार कितने एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए;
(ख) पीएमयूवाई के तहत दादरा नगर हवेली, दमन और दीव, महाराष्ट्र, विशेषकर उस्मानाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में जिला-वार कितने एलपीजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;
(ग) क्या सरकार ने पीएमयूवाई के उपभोक्ताओं को राजसहायता प्रदान करने के लिए कोई कार्रवाई शुरू की है;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ड.) क्या सरकार का विचार पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के खातों में बकाया राशि सहित राजसहायता जमा करने का है; और
(च) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) और (ख): दिनांक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों ने प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई)के तहत 9.57 करोड़ एलपीजी कनेक्शन जारी किए हैं। राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है। महाराष्ट्र की ओसमानाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के तहत लातूर, ओसमानाबाद और शोलापुर जिलों में प्रदान किए गए एलपीजी कनेक्शनों के ब्यौरे निम्नवत हैं:

जिला	दिनांक 30.11.2022 की स्थिति के अनुसार पीएमयूवाई के तहत जारी एलपीजी कनेक्शन
लातूर	1,33,131
ओसमानाबाद	1,03,810
शोलापुर	1,56,973

(ग) से (च): सरकार ने वर्ष 2022-23 के लिए पीएमयूवाई लाभार्थियों के लिए एक वर्ष में 12 रिफिल तक घरेलू एलपीजी के प्रत्येक 14.2 कि.ग्रा. रीफिल पर 200 रुपए की निर्धारित राजसहायता की शुरूआत की है। यह राजसहायता पीएमयूवाई लाभार्थियों के पंजीकृत बैंक खाते में सीधे जमा की जाती है।

****

अनुलग्नक

"पीएमयूवाई के तहत एलपीजी कनेक्शन" के संबंध में श्री विनायक राउत द्वारा पूछे गए दिनांक 15.12.2022 को लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1466 के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संदर्भ में दिया गया अनुलग्नक	
राज्य/केंद्र शासित प्रदेश	**दिनांक 30.11.2022 तक पीएमयूवाई के तहत जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों की कुल संख्या**
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	13,447
आंध्र प्रदेश	5,11,579
अरुणाचल प्रदेश	49,118
असम	43,79,144
बिहार	1,07,10,910
चंडीगढ़	562
छत्तीसगढ	34,90,375
दादर और नगर हवेली और दमन और दीव	15,016
दिल्ली	1,41,042
गोवा	1,147
गुजरात	38,40,339
हरियाणा	7,66,461
हिमाचल प्रदेश	1,40,672
जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश	12,44,016
झारखंड	36,42,058
कर्नाटक	37,48,565
केरल	3,41,040
लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश	11,091
लक्षद्वीप	310
मध्य प्रदेश	82,20,240
महाराष्ट्र	48,76,309
मणिपुर	2,00,398
मेघालय	2,09,800
मिजोरम	32,734
नगालैंड	90,464
ओ डशा	53,19,513
पुदुचेरी	14,821
पंजाब	12,83,863
राजस्थान	69,24,719
सिक्किम	13,667
तमिलनाडु	36,98,293
तेलंगाना	11,52,103
त्रिपुरा	2,81,825
उत्तर प्रदेश	1,74,88,703
उत्तराखंड	4,97,374
पश्चिम बंगाल	1,23,45,981
अखिल भारतीय कुल योग	**9,56,97,699**

स्रोतः सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कम्पनियां